nandgaon times jan-08-04.qxd 1/7/2025 11:57 PM Page 1

रामकुमार चंद्रा के द्वारा लिया गया गुड़... पृष्ठ 2 | मेडिकल स्टोर्स में नशे के रूप में ... पृष्ठ 3


# नांदगांव टाइम्स





नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।

।। जय श्री जलाराम ।।

**श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर**

*उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।*

ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।

मोः 98274-61508, 83192-88559


बुधवार, 08 जनवरी 2025, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 49, अंक 87, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए

# छत्तीसगढ़ के 14 नगर निगमों के लिए महापौर का आरक्षण

## रायपुर में सामान्य वर्ग की महिला लड़ेगी चुनाव

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के समस्त नगर निगमों में आरक्षण की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। राजधानी रायपुर में महिला सामान्य वर्ग के माहापौर के लिए आरक्षित हुआ है। प्रदेश के नगर निगमो के लिए आरक्षण की प्रक्रिया शुरू हो गई है। रायपुर नगर निगम महिला सामान्य के लिए आरक्षित किया गया। बिलासपुर नगर निगम ह्क्कष्ट के लिए आरक्षित किया गया है। वहीं भिलाई नगर निगम ह्क्कष्ट के लिए आरक्षित की गई। दुर्ग नगर निगम ह्क्कष्ट महिला के लिए आरक्षित, चरौदा भी ह्क्कष्ट के लिए आरक्षित की गई। रिसाली अनुसूचित जाति महिला के लिए और रायगढ़ नगर निगम स्ष्ट के लिए आरक्षित। अंबिकापुर नगर निगम स्ञ्ज के लिए आरक्षित किया गया।लॉटरी में रायपुर नगर निगम महिला सामान्य के लिए आरक्षित हो गया है। इसके अलावा रायगढ़ और रिसाली अनुसूचित जाति, अंबिकापुर सीट अनुसूचित जनजाति के लिए जनसंख्या के आधार पर इस वर्ग के लिए आरक्षित हैं.. साइंस कॉलेज परिसर पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आज महापौर और अध्यक्ष पद के दावेदारों के लिए आरक्षण प्रक्रिया पूरी हो गई है। लॉटरी में रायपुर नगर निगम महिला सामान्य के लिए आरक्षित हो गया है।




इसके अलावा रायगढ़ और रिसाली अनुसूचित जाति, अंबिकापुर सीट अनुसूचित जनजाति के लिए जनसंख्या के आधार पर इस वर्ग के लिए आरक्षित हैं। बाकी 11 नगर निगमों में 3 कोरबा, राजनांदगांव और धमतरी में अभी ओबीसी वर्ग का महापौर है। इससे पहले नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने आरक्षण की प्रक्रिया पूरी करने के लिए 27 दिसम्बर 2024 की तिथि तय की थी। अपरिहार्य कारणों से 27 दिसम्बर को होने वाली आरक्षण की कार्रवाई को स्थगित कर दिया गया था। छत्तीसगढ़ में पंचायत और निकाय चुनाव की तैयारियां तेज हो गई है। महापौर और अध्यक्ष पदों के आरक्षण प्र ?क्रिया पूरी होने के बाद प्रदेश के अन्य जिलों में पंचायत पदों के लिए 9 और 10 जनवरी को आरक्षण होगा। वहीं इसके बाद प्रदेश में चुनाव तारीखों की घोषणा हो सकती है।

रायपुर नगर निगम सामान्य महिला वर्ग के लिए आरक्षित धमतरी नगर निगम अनारक्षित घोषित किया गया कोरबा महिला सामान्य के लिए आरक्षित रिसाली नगर निगम एसटी महिला के लिए आरक्षित,रायगढ़ नगर निगम अनुसूचित जाति वर्ग के लिए आरक्षित, भिलाई चरौदा नगर निगम ओबीसी के लिए आरक्षित, बिलासपुर नगर निगम ओबीसीके लिए आरक्षितकिया गया, दुर्ग नगर निगम ओबीसी महिला वर्ग के लिए आरक्षित, राजनांदगांव नगर निगम अनारक्षित घोषित किया गया, चिरमिरी नगर निगम अनारक्षित घोषित किया गया, जगदलपुर सामान्य वर्ग के लिए आरक्षित, अंबिकापुर नगर निगम एसटीवर्ग के लिए आरक्षित , भिलाई नगर निगम ओबीसी के लिए आरक्षित की गई। बिरगांव महिला सामान्य के लिए आरक्षित।

# दिल्ली विधानसभा चुनाव 5 फरवरी को मतदान और 8 को नतीजे

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने आखिरकार दिल्ली विधानसभा का चुनावी बिगुल फूंक्र दिया है। इसके तहत पांच फ्त्ररवरी को मतदान और आठ फ्त्ररवरी को मतगणना होगी। उसी दिन नतीजे भी घोषित हो जाएंगे। वहीं नामांकन की प्रक्रिया 10 जनवरी से शुरू होकर 17 जनवरी तक चलेगी। इस बीच 20 जनवरी तक नाम वापस भी लिए जा सकेंगे। दिल्ली का यह चुनाव इस बार कई मायनों में खास है, क्योंकि यह अब तक यह सबसे कम अवधि यानी 28 दिनों का चुनाव होगा। इस बार दिल्ली में 1.55 करोड़ मतदाता वोट करेंगे, जिसमें करीब 83 लाख पुरुष और 71 लाख महिला मतदाता है। चुनाव में पहली बार सबसे अधिक 25.89 लाख युवा भी वोट डालेंगे। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने मंगलवार को अपने सहयोगी चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और डॉ. एसएस संधू की मौजूदगी में दिल्ली विधानसभा के साथ ही उत्तर प्रदेश की मिल्कीपुर व तमिलनाडु की इरोड़ विधानसभा के उपचुनाव की भी घोषणा की है। आयोग ने दिल्ली चुनाव के दौरान वीकेंड, छुट्टियों, त्योहारों और परीक्षाओं का भी पूरा ध्यान रखा, ताकि लोग बढ़-चढ़कर मतदान में हिस्सा ले सके।मुख्य चुनाव आयुक्त ने चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के दौरान इन पहलुओं का भी किया और कहा महाराष्ट्र के चुनाव से सीख ली गई है। उन्होंने कहा कि अब बारी दिल्ली की है, उन्हें चुनाव में दिल से मतदान करना चाहिए। उन्होंने इसके साथ ही जम्मू-कश्मीर विधासनभा की खाली हुई सीटों पर उपचुनाव को अप्रैल में कराने की जानकारी दी और कहा कि अभी वहां बर्फ्त्रबारी हो रही है।




# पांच करोड़ रुपये की लागत से राजिम माता की कांस्य प्रतिमा होगी स्थापित मुख्यमंत्री

**भागवत साहू के नेतृत्व में राजिम जयंती महोत्सव में शामिल हुए जिला साहू संघ के पदाधिकारी**

**कार्यक्रम में सीएम के करकमलों से भागवत, तरुणा , दीपक एवं अंकालू साहू सम्मानित हुए**

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** आज राजिम में वृहद राज्य स्तरीय संत शिरोमणी भक्त राजिम माता जी की जयंती समारोह राजिम धर्म नगरी में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के आतिथ्य एवं केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू डीप्टी सीएम अरूण साव ,पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के गरिमामय उपास्थि भव्यता के साथ सम्पन्न हुआ।इस दौरान छत्तीसगढ़ साहू संघ के प्रदेश अध्यक्ष टहल साहू केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू की मांग पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने समाज की मांग पर नदी के तट पर भक्त शिरोमणी राजिम माता जी की भव्य कांस्य प्रतिमा स्थापित करने पांच करोड़ रुपये देने की घोषणा की।मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के इस आश्य की घोषणा से कार्यक्रम स्थल राजिम माता जय -राजिम माता जय - जय, साहू समाज की जय गुंजायमान हो गया और मुख्यमंत्री के उक्त घोषणा से सामाजिक जन एक दूसरे को बधाई देते नजर आए।मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस अवसर पर सभी समाजिक जनों माता राजिम जयंती की बधाई और शुभकामनाएं दी।इस गरिमामय समारोह में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में दिए उल्लेखनीय कार्य करने वाले प्रतिभाशाली व्यक्ति सर्वश्री भागवत साहू, रेल्वे सुरक्षा बल में कार्यरत श्रीमती तरुणा साहू, पत्रकारिता के क्षेत्र में वरिष्ठ पत्रकार अंकालू साहू दैनिक सुबह का प्रहरी ब्यूरो चीफ एवं वरिष्ठ पत्रकार दीपक साहू ब्यूरो चीफ पहट को सूबे के मुखिया विष्णु देव साय के करकमलों से प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर सर्व श्री भागवत साहू, नीलमणी साहू महामंत्री जिला साहू संघ, नोबल साहू कोषाध्यक्ष , जिला साहू संघ,तुलदास साहू, श्रीमती मुनेश्वरी साहू, मोतिम साहू, केसरी साहू ,शोभा साहू ,अहिल्या साहू, लीना साहू ,गिरजा साहू ,चंद्रप्रभा साहू ,विजय साहू, प्रीतम दास साहू ,श्यामा चरण साहू ,जगमोहन साहू ,गुलशन बघेल,लता साहू अनुराधा साहू,तिमला साहू, केशरी साहू ,सुमन खिलेश्वरी साहू ,छाया साहू ,अंजू साहू सहित जिला साहू संघ मीडिया प्रकोष्ठ के जिला उपाध्यक्ष पत्रकार अंकालू साहू की विशेष रूप से उपास्थि रही।उक्ताशय की जानकारी जिला साहू संघ के महामंत्री नीलमणी साहू ने दी।



# लोहाणा नवयुवक मंडल के तत्वावधान में भव्य बॉक्स क्रिकेट लीग का आयोजन



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** श्री लोहाणा नवयुवक मंडल के तत्वावधान में विगत दो वर्षों की तरह तृतीय वर्ष में भी भव्य बॉक्स क्रिकेट लीग का आयोजन दि. 2 जनवरी से 5 जनवरी 2025 को टर्फ में किया गया. वस्तुत: ऐसे आयोजनों से ना केवल समाज की प्रतिभा को निखरने का, उभरने का अवसर मिलता रहा है अपितु यह एक सामाजिक एकता का, समरसता का और आनंद का उत्सव भी बनता रहा.

प्रतियोगिता का शुभारंभ श्री राजनांदगांव लोहाणा महाजन के अध्यक्ष श्री दीपकभाई बुद्धदेव द्वारा समाज के वरिष्ठजनों एवं पदाधिकारियों तथा समस्त सामाजिक खेलप्रेमियों की उपस्थिति में हुआ. इस बॉक्स क्रिकेट लीग में कुल आठ टीमों ने भाग लिया. एम. पी. रायचा ग्रुप, PSP (कोठारी) ग्रुप, वेल्थ प्लस (सोनछात्रा) ग्रुप , हॉलीडेज (त्रिपदा), जलाराम स्वीट्स, जलाराम नमकीन, जलाराम कैफे, तरुण टाइटंस (दिलीप भाई आढ़तिया). इनमें से नित्सा हॉलिडे की टीम विजेता रही एवं जलाराम स्वीट्स की टीम रनर अप रही. इन प्रतिभागी टीमों के अतिरिक्त उत्साही बच्चों की टीम, महिला मंडल की टीम, सामाजिक वरिष्ठजनों की टीम ने भी क्रिकेट खेलकर कार्यक्रम की शोभा में अभिवृद्धि की. इस दर्शनीय आयोजन की संपूर्ण रूपरेखा हेतु वर्किंग कमेटी में अध्यक्ष हिमांशु रायचा के नेतृत्व में हेतल भोजानी, अक्षय रायचा, देवेंद्र सेजपाल, परेश रायचा, हर्षित सोनछत्रा, दिवेश रायचा, तरुण आड़तिया, शैलेष गणात्रा, तथा चयन रायचा के साथ सभी सदस्यों तथा श्री मनीषभाई साहिता, श्री गौतमभाई कोठारी एवं श्री योगेशभाई कोटक के मार्गदर्शन में शानदार तैयारी की जो भव्यता के साथ अंजाम तक परिणित हुई.

# विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने ग्राम धामनसरा में शहीद स्वर्गीय श्री मुकेश शोरी की प्रतिमा का किया अनावरण

## शहीद स्वर्गीय श्री मुकेश शोरी की प्रतिमा से भावी पीढ़ी और युवा देश सेवा के लिए होंगे प्रेरित : विधानसभा अध्यक्ष













**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने आज राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम धामनसरा के माटी सपूत शहीद स्वर्गीय श्री मुकेश शोरी की प्रतिमा का अनावरण किया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सिंह ने शहीद स्वर्गीय श्री मुकेश शोरी के शहादत दिवस पर प्रतिमा में माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर शहीद को श्रद्धांजलि दी। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि वे ऐसे युवा हैं, जिन्होंने परिवार, गांव, क्षेत्र का मान-सम्मान और गौरव बढ़ाया है, उनके नाम से स्कूल का नामकरण करने के लिए शहीद स्वर्गीय श्री मुकेश शोरी के नाम से प्रस्ताव बनाकर भेजने कहा। ताकि स्कूल में पढने़ वाले बच्चों को प्रेरणा मिल सके। इस दौरान उन्होंने आज बीजापुर जिले में नक्सल हिंसा में 9 जवानों के शहीद होने पर अपनी शोक संवेदना प्रकट की और मृत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि पूरे देश में नक्सलवाद, आतंकवाद के खिलाफ आंदोलन चल रहा है।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि स्वर्गीय श्री मुकेश शोरी की स्मृति में परिवार और ग्राम पंचायत द्वारा मिलकर प्रतिमा स्थापित की गई है, ताकि आने वाली पीढ़ी और नवयुवक प्रेरणा लेकर देश सेवा के लिए कार्य करने तैयार हो सके। उन्होंने बताया कि स्वर्गीय श्री मुकेश शोरी का कर्मचारी चयन आयोग से केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल में चयन हुआ था। उन्होंने तमिलनाडु में एक वर्ष का प्रशिक्षण प्राप्त किया, इसके बाद बटालियन सीआरपीएफमें पुलवामा जम्मू-कश्मीर में पोस्टिंग हुई। पुलवामा में सेवा के दौरान आतंकवादी हमला 14 फ्त्ररवरी 2019 को हुआ, जहां 40 जवान शहीद हुए थे, लेकिन मुकेश शोरी उस समय सकुशल रहे। स्वर्गीय मुकेश शोरी ने जम्मू-कश्मीर के बाद असम और झारखंड राज्य में सेवा दी। इसके बाद छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश में विकल्प के रूप में उन्हें यहां आने का मौका मिला। छत्तीसगढ़ के बटालियन जगदलपुर में पोस्टिंग हुई और थाना दरभा में सीआरपीएफ80 बटालियन ए कंपनी कैम्प में सेवा दे रहे थे, सेवा के दौरान स्वास्थ्य खराब होने के कारण उनका आकस्मिक निधन हो गया। बड़े भाई श्री संजय शोरी ने आभार व्यक्त किया। प्रतिमा अनावरण के दौरान शहीद स्वर्गीय श्री मुकेश शोरी की पत्नी श्रीमती चंद्रिका शोरी, मां अघनी बाई, उनके बच्चे लिसा शोर, प्रेया शोरी, भाभी श्रीमती भारती शोरी, भाई श्री महेन्द्र शोरी, बहू श्रीमती तृप्ति शोरी, बहन येनुका शोरी, चाचा श्री ओमकार शोरी, श्री कोमल शोरी, श्री अर्जुन शोरी, श्री टहल शोरी, श्री रोम शोरी, श्री नूतन शोरी, श्री सूनील शोरी, श्री चन्द्रकान्त शोरी उपस्थित थे। इस दौरान पर उपाध्यक्ष जनपद पंचायत श्री रोहित चंद्राकर, जनपद सदस्य श्रीमती रोशनी वैष्णव, श्री कोमल सिंह राजपूत, श्री लीलाधर, श्री विवेक साहू, श्री खिलेश्वर साहू, श्री भरत चंद्राकर, सरपंच श्री लोकेश गंगवीर, उप सरपंच श्री तीरथ लाल पटेल, पूर्व सरपंच श्री राकेश ठाकुर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

nandgaon times jan-08-04.qxd 1/7/2025 11:57 PM Page 2



# रामकुमार चंद्रा के द्वारा लिया गया गुड पेरेंटिंग पर विशेष सेशन



**डोंगरगाव (नांदगांव टाइम्स)।** 5 जनवरी को जवाहर नवोदय विद्यालय डोंगरगढ़ में आयोजित पालक शिक्षक सामान्य सभा की बैठक आयोजित की गई। जिसमें पुराने पीटीसी के सदस्यों की विदाई एवं नए पीटीसी सदस्यों का चयन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में कार्यरत श्री राम कुमार चंद्रा जी, जो पीजीटी हिंदी के रूप में कार्य कर रहे हैं इसके साथ ही बच्चों की समस्याओं के निदान हेतु काउंसलिंग का कार्य भी करते हैं। उनके द्वारा गुड पेरेंटिंग पर विशेष सेशन लिया गया इस सेशन में विद्यालय के काउंसलर श्री चंद्रा ने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए पालकों को अपने बच्चों के साथ किस प्रकार से व्यवहार करना चाहिए ,इस पर विशेष रूप से जानकारी दी। श्री चंद्रा ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास के लिए पालकों की अहम भूमिका होने की बात की। उन्होंने सभी पालकों से कहा कि विद्यार्थियों की तुलना किसी और से ना करें विद्यार्थी की तुलना करना है तो उसके खुद के पिछले अच्छे कार्य से या परीक्षा परिणाम से करने की सलाह दी। इसके साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों की हमेशा प्रशंसा करने, उनके साथ सकारात्मक व्यवहार करने, उन्हें गुणवत्ता युक्त समय देने ,उनके बात को धैर्य पूर्वक सुनने और विद्यालय में आकर बच्चों की उपलब्धि और गतिविधियों के संबंध में विद्यार्थियों और शिक्षकों से मिलकर जानकारी लेने की बात कही। इस सभा में उन्होंने समस्त पालकों से आग्रह किया है कि बच्चों की उपस्थिति में माता-पिता को आपस में झगड़ा नहीं करना चाहिए बच्चे को अपने धर्म के प्रति विश्वास बढ़ाने पर जोर देने की सलाह दी। इसके साथ ही साथ बच्चों के किशोरावस्था में होने वाले स्वाभाविक गुणों को स्वीकार करते हुए उनके साथ सकारात्मक व्यवहार करते रहने की बात की। बच्चों के करियर के चुनाव के संबंध में भी पालकों को उन्होंने सुझाव दिया कि वे अपने सपनों को बच्चों पर न लादें। बच्चों की रुचि और उसकी क्षमता को ध्यान में रखते हुए उन्हें करियर के चुनाव करने का अवसर प्रदान करने की सलाह दी। इस कार्यक्रम में पूरे जिले से नवोदय विद्यालय में अध्यनरत लगभग 500 से अधिक बच्चों के माता-पिता एवं सत्र 2022 से 24 तक के पीटीसी मेंबर्स और विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य उपस्थित थे।विद्यालय के प्राचार्य रूपेंद्र सिंह एवं उप्राचार्य संजय कुमार मंडल के विशेष मार्गदर्शन एवं सहयोग में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त शिक्षक एवं पालक उपस्थित थे। इस कार्यक्रम की सभी पालकों ने भूरी - भूरी प्रशंसा की सब ने कहा कि आज के संदर्भ में इस प्रकार के कार्यक्रम की अत्यंत आवश्यकता है। इस तरह से यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# निगम आयुक्त ने दैनिक वेतन भोगी एवं ठेका श्रमिकों का समक्ष में भौतिक सत्यापन कर उनके कार्यो की ली जानकारी



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** नगर निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा आज निगम के अधीन विभिन्न विभागों में कार्यरत दैनिक वेतन भोगी एवं ठेका श्रमिकों का आज सुबह टाका घर में समक्ष में भौतिक सत्यापन कर उनके द्वारा किये जा रहे कार्यो की उपायुक्त श्री मोबिन अली एवं कार्यपालन अभियंता श्री संजय वर्मा से विभागवार जानकारी ली।

निगम आयुक्त श्री विश्वकर्मा कामकाज की समीक्षा के दौरान आज टाका घर में निगम के अधीन विभिन्न विभागों लोककर्म, जल, विद्युत, मोटर, स्वास्थ्य, उद्यानिकी एवं सामान्य प्रशासन विभाग में कार्यरत दैनिक वेतन भोगी तथा ठेला श्रमिकों का समक्ष मे भौतिक सत्यापन किया और उनके द्वारा उपायुक्त श्री अली से संख्याबल की जानकारी लेकर विभागों में क्या क्या कार्य किया जा रहा है चर्चा किये। उन्होंने कर्मचारियों से चर्चा कर उनके द्वारा विभाग में क्या कार्य किया जा रहा है, कार्य में क्या परेशानी आ रही है जानकारी ली। आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने कहा कि सभी कर्मचारी अपने कार्य में सुधार लावे और निष्ठापूर्वक अपने अपने दायित्वों का निर्वाहन करे, चुकि नगरीय निकाय जनता से जुडी संस्था है, जिनका मुख्य कार्य जनता को बिजली, पानी, सफाई जैसी महत्वपूर्ण सेवा प्रदान करना है। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न हो सभी कर्मचारी निष्ठापूर्वक कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि सभी कर्मचारी निर्धारित समय तक उपस्थित रहकर कार्य करेंगे, बिना कारण या सूचना के अनुपस्थित नहीं रहेगे। उन्होंने प्लेसमेंट एजेन्सियों से भी कहा कि आपके द्वारा उपलब्ध कराये गये कर्मचारी के कार्यो की समय समय पर समीक्षा करे एवं निविदा शर्तो के अधीन कार्य करें।

## एल आई सी शाखा राजनांदगांव की टॉपर्स अभिकर्ता स्वाति मुरली वैष्णव होगी अमेरिका में सम्मानित



**डोंगरगाव (नांदगांव टाइम्स)।** भारतीय जीवन बीमा निगम शाखा राजनांदगांव की सक्रिय अभिकर्ता स्वाति मुरली वैष्णव ने लगातार दूसरे वर्ष रूष्ठक्रञ्ज कर अमेरिका में सम्मानित होने की अहर्ता हासिल की और अपने जिले एवं राज्य का नाम रोशन किया । स्वाति मुरली वैष्णव विगत 5 वर्ष से निरंतर बीमा क्षेत्र में अपनी सेवा प्रदान कर रहे है उन्होंने अपनी इस उपलब्धि के लिए अपने सभी सम्मानित बीमा धारकों को ,परिवारजनों को एवं गुरुजनों को धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया है।

## आज से बरगांव में राज्य स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता आगाज

**डोंगरगाव (नांदगांव टाइम्स)।** प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी दिग्विजय फुटबॉल क्लब एवम समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से 5 दिवसीय राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता 8 से 12 जनवरी तक होने जा रहा है जिसमे प्रथम पुरस्कार स्वर्गीय दाऊ बिहारी दास वैष्णव की स्मृति में 31001 रुपए संगीता संतोष वैष्णव(सरपंच ग्राम पंचायत बरगांव) एवम दृतिय पुरस्कार स्वर्गीय लक्ष्मीनारायण सोनी की स्मृति में 21001 रुपए नीरज कुमार सोनी की ओर से दोनो विनर ट्राफी गुपेंद्र श्रीवास की ओर से प्रदत्त है

### इस टूर्नामेंट में आमंत्रित टीम है

सुकमा, उकवा, भरवेली, कवर्धा, जगदलपुर, गोंदिया, भिलाई, छिंदवाड़ा, राजनांदगांव, रायपुर, एवम आसपास के ग्रामीण टीम भी इस आयोजन में भाग लेंगे। डीवीसी फुबाल क्लब के चेतन दास मानिकपुरी (मैनेजर) ने राज्य स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के अलावी महाराष्ट्र और बालाघाट के टीमों को भी आमंत्रित किया है।

## घुपसाल मंडई 10 को

**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** ग्राम घुपसाल में 10 जनवरी शुक्रवार को देव मंडई का आयोजन किया गया है, इस अवसर पर लोगों के मनोरंजन के लिए रात्रि में महादेव हिरवानी कृत धरोहर कंनहारपुरी राजनांदगांव वालों का सांस्कृतिक कार्यक्रम रखा गया है ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष केशव साहू ने बताया कि इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक भोलाराम साहू, अध्यक्षता, भगवानी राम भंडारी, विशेष अतिथि नरेश शुक्ला, श्री लक्ष्मीनारायण साहू, लालचंद साहू, ग्राम प्रधान द्वारिका नायक होंगे, ग्राम विकास समिति के उपाध्यक्ष रामकुमार विश्वकर्मा, पुरण टांडेकर सचिव, लोमस साहू, कोमल साहू, मोहन रावते, गोकर्ण भूआर्य , कैलाश चौधरी, डूमेश्वर साहू, बलराम श्रीवास द्वारा अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम का आनंद लेने की अपील की गई है।

## सुंदरकांड महाकुंभ के द्वादश दिवस हुआ सुंदरकांड पाठ

**राजनादगांव (नांदगांव टाइम्स)।** श्याम के दीवाने एवं हनुमान



भक्तों द्वारा आयोजित अठारह दिवसीय संत समागम एवं सुंदरकांड महोत्सव महाकुंभ के द्वादश दिवस हनुमान श्याम मंदिर में सुंदरकांड की सुमधुर संगीतमय प्रस्तुति देते हुए शाजापुर की खेड़ापति सुंदरकांड मंडल टीम ।

## धान खरीदी केन्द्र रामपुर में लगभग 6768 बोरा धान प्रथम दृष्टया फर्जी खरीदी किया जाना पाया गया

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** जिले के धान उपार्जन केन्द्रों में धान खरीदी का कार्य तेजी से किया जा रहा है। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल के निर्देश पर अधिकारियों द्वारा धान उपार्जन केन्द्रों में औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया जा रहा है। डोंगरगांव विकासखंड अंतर्गत धान उपार्जन केन्द्रों के निरीक्षण के दौरान सेवा सहकारी समिति मर्यादित रामपुर द्वारा संचालित धान खरीदी केन्द्र रामपुर का खाद्य विभाग के संयुक्त जांच दल द्वारा निरीक्षण एवं भौतिक सत्यापन किया गया।

**शुभांक**

1-5-7

178-6 135-9

**भाग्यांक**

578-0 190-0


# कमला कालेज में पीएम-उषा के अंतर्गत वर्कशॉप का आयोजन



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** शासकीय कमला देवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजनांदगांव में आईक्यूएसी एवं महिला प्रकोष्ठ के द्वारा आयोजित एवं पीएम-उषा के द्वारा प्रायोजित सॉफ्ट कम्पोनेन्ट के अंतर्गत चार वर्कशॉप का उद्घाटन डॉ. राजेश पांडे, अतिरिक्त संचालक दुर्ग संभाग के आतिथ्य एवं सुश्री मणीभास्कर गुप्ता, अध्यक्ष जनभागीदारी के द्वारा किया गया। सॉफ्ट कम्पोनेन्ट के अंतर्गत कानूनी अधिकार के प्रति जागरूकता, महिला डिजिटल साक्षरता, संचार कौशल एवं जेंडर सेनसीटाईजेशन विषयों पर कार्यशाला का उद्घाटन दिनांक 07.01.2025 को महाविद्यालय के सभागृह में किया गया। कानूनी अधिकार के प्रति जागरूकता की मुख्य वक्ता सुश्री प्रिया कांकरिया (अधिवक्ता), महिला डिजीटल साक्षरता की मुख्य वक्ता राजू खुंटे (सहायक प्राध्यापक), संचार कौशल के मुख्य वक्ता विवके सोनी (फाउंडर एंड डारेक्टर आरसीआई) थे। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती को दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। प्राचार्य डा. आलोक मिश्रा ने अपने उद्बोधन में छात्राओं को आत्मनिर्भर बनने हेतु प्रेरित किया। सुश्री मणीभास्कर गुप्ता ने सभी छात्राओं को महाविद्यालय में होने वाले सभी गतिविधियों में भाग लेकर उसका लाभ उठाने कहा। मुख्य अतिथि डॉ. राजेश पांडे अतिरिक्त संचालक दुर्ग संभाग ने महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं आर्थिक रूप से सम्बल बनने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने बहुत से उदाहरण दिये जैसे किरण बेदी, राष्ट्रपति द्रौपति मुर्मु, राज्यपाल अनुसूईया उइके आदि के बारे में बताया कि उन्होंने अपने जीवन में कठिन संघर्ष के बाद ये मुकाम हासिल किया। महिलाओं के लिए अपने कैरियर को आगे बढ़ाने बहुत संभावनाएं है और मेहनत से हम लक्ष्य को प्राप्त कर सकते है, लेकिन हमें अपने कला एवं संस्कृति को कभी नहीं भूलना चाहिए। कार्यक्रम की संयोजक डॉ. एचके गरचा ने कहा कि जेंडर सेनसीटाईजेशन को पुर्ननामांकित, पुर्नपरिभाषित, पुर्नकल्पित करना होगा। महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ के द्वारा समय-समय पर महिला जागरूगता कार्यक्रम किया जाता है, हमें अपने कानूनी अधिकार के बारे में पता है, लेकिन जब तक हम समाज को विशेष रूप से पुरुषों को महिलाओं के प्रति नजरियें को बदलने हेतु जागरूक नहीं करेंगें, कार्यक्रम का संचालन करते हुए डॉ. नीता एस. नायर कहा कि ने समाज में सम्मान से जीने के लिए महिलाओं को आर्थिक रूप से सक्षम होना जरूरी है। साथ ही शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ होना आवश्यक है, तभी हम महिलाएं समाज एवं परिवार के प्रति अपने दायित्व का सही ढंग से निर्वहन कर पायेंगे। कार्यक्रम के अंत में डॉ. राजेश पांडे एवं सुश्री मणीभास्कर गुप्ता को मूमेंटो देकर सम्मानित किया गया। डॉ. नीता एस. नायर ने मंचस्थ सभी सम्मानीय अतिथियों, समिति के सभी सदस्य डॉ. बृजबाला उइके, श्रीमती नीलम राम धनसाय, आलोक जोशी एवं सभी प्राध्यापकों तथा कार्यालयीन स्टाफ के जावेद सिद्दीकी, रमन साहू, धनेश पटेल एवं सभी छात्राओं का कार्यक्रम में उपस्थित होकर उसे सफल बनाने के लिए धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया।

## धान का उठाव नहीं होने से धान में लग रहा है दीमक, शासन की हो रही किरकिरी

**जोंधरा (नांदगांव टाइम्स)।** क्षेत्र के सेवा सहकारी समितियों से धान का उठाव नहीं होने से जहां एक तरफधान खरीदी बंद है वहीं



दूसरी तरफरखे जाने धानों की छल्ली में दीमक भी लगते जा रहे हैं । जहां प्रबंधक किसानों को कुछ दिन और इंतजार कीजिए फिर धान की खरीदी आपकी कर ली जाएगी का ढांढस बंधा रहे हैं वहीं खरीदी की गयी धानों को दीमक से बचाने की कोशिश की जा रही है । छुरिया विकासखंड के ग्राम संबलपुर में संचालित सेवा सहकारी समिति पंजीयन क्रमांक 504 में पदस्थ समिति प्रबंधक कुंवर सिंह ने प्रतिनिधि को बताया कि अन्य सालों से अब तक जो धान की खरीदी हो जाती थी वह इस वर्ष उठाव के कारण नहीं हो पाई है । वहीं किसानों को प्रतिदिन सेवा सहकारी समिति में आकर जानकारी लेनी पड़ रही है कि आखिर वह धान कब लाये । जहां एक तरफअन्न का उत्पादन कर अन्नदाता किसान पूरे देश के नागरिकों के लिए खाद्यान्न की व्यवस्था करते हैं वहीं उन्ही अन्नदाताओं को अपनी ही उपज को शासन को बेचने के लिए मानसिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है । वही प्रबंधकों को धान की छल्ली सलामत रहे इसके अतिरिक्त रखवाली के साथ-साथ दवाइयां भी उन्हें अपने ही पैसे से मांगना पड़ रहा है । क्षेत्र के सेवा सहकारी समिति उमरवाही पंजीयन क्रमांक 573 में भी कमोबेश यही स्थिति बनी हुई है । जबकि उमरवाही सेवा सहकारी समिति में गांव की संख्या भी ज्यादा है।

# उपलब्ध संसाधनों का समुचित उपयोग करते हुए करें मरीजों का ईलाज : संभागायुक्त



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** संभागायुक्त श्री सत्यनारायण राठौर ने शासकीय मेडिकल कॉलेज में विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों के संबंध में चर्चा की तथा समस्याओं के संबंध में जानकारी ली। इस अवसर पर आईजी श्री दीपक झा, कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग, डीन मेडिकल कालेज डॉ. पंकज लुका एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। संभागायुक्त श्री सत्यनारायण राठौर ने सभी अधिकारियों, विभागों के डॉक्टर को समय पर आने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि उपलब्ध संसाधनों का समुचित उपयोग करते हुए मरीजों का ईलाज करें। उन्होंने शासकीय मेडिकल कॉलेज में स्टॉफ की कमी को दूर करने के लिए स्वशासी समिति से विभिन्न पदों पर भर्ती के लिए प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हॉस्टल में मेडिकल के विद्यार्थियों से संवाद बनाए रखें, ताकि किसी भी तरह की अप्रिय स्थिति नहीं बने। समय-समय पर बच्चों की काऊंसलिंग भी करते रहे। उन्होंने सुरक्षा के दृष्टिगत सीसीटीवी कैमरा लगाने के निर्देश दिए। संभागायुक्त श्री सत्यनारायण राठौर ने कहा कि ड्यूटी पर तैनात सुरक्षा गार्ड का पुलिस वेरीफिक्रेशन होना चाहिए। उन्हें अच्छी तरह प्रशिक्षित करें तथा पुलिस द्वारा सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए मानिटरिंग भी होना चाहिए। उन्होंने कहा कि बच्चों को दिक्कत नहीं होना चाहिए। इसके लिए रोड पर पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को पढ़ाने के अलावा उन्हें खेलकूद एवं अन्य गतिविधियों के लिए भी प्रेरित करें। संभागायुक्त ने मेडिसिन सर्जरी, बाल रोग विशेषज्ञ, हड्डी रोग विशेषज्ञ, नाक-कान-गला रोग विशेषज्ञ, स्त्री रोग विशेषज्ञ सहित विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष से जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर मेडिकल सुपरिटेंडेंट श्री अतुल देशकर, डिप्टी मेडिकल हॉस्पिटल सुप्रिटेंडन डॉ. पवन जेठानी सहित अन्य अधिकारी एवं डॉक्टर उपस्थित थे।

# 7.200 बल्क लीटर अवैध मदिरा जप्त

**आबकारी विभाग की कार्रवाई**

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार जिले में अवैध शराब विक्रेताओं के विरूद्ध धर-पकड़ अभियान चलाया जा रहा है। सहायक आयुक्त आबकारी श्री यदुनंदन राठौर ने बताया कि आबकारी दल द्वारा ग्राम सीतागोटा में लोकचंद चौधरी के कब्जे से महाराष्ट्र राज्य निर्मित संत्री फिरकी 40 नग पाव कुल 7.200 बल्क लीटर मदिरा जप्त किया गया। आरोपी के विरूद्ध आबकारी अधिनियम के तहत दण्डनीय अजमांनतीय अपराध में गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल दाखिल किया गया है। इसी प्रकार ग्राम जोशीलमटी थाना गेंदाटोला में इंदु निषाद के कब्जे से महाराष्ट्र राज्य निर्मित संत्री फिरकी 20 नग पाव कुल 3.600 बल्क लीटर मदिरा आबकारी अधिनियम की धारा के तहत जप्त किया गया। कार्रवाई में आबकारी उप निरीक्षक वृत्त चिचोला श्री राजकुमार कुर्रे एवं आबाकारी स्टाफ श्री निजामशाह, श्री अनिल सिन्हा, श्री भोजनारायण उइके शामिल थे। जिले में अवैध मदिरा विक्रय की रोकथाम हेतु होटल ढाबों एवं मदिरा दुकानों का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। साथ ही सभी वृत्त प्रभारियों को वृत्त क्षेत्र में लगातार गश्त करने तथा अवैध मदिरा विक्रय के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए है।

# गायत्री विद्यापीठ में स्पेल-बी कॉम्पीटिशन का शानदार आयोजन



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** शिक्षा व संस्कार के क्षेत्र में जिले की अग्रणी संस्था गायत्री विद्यापीठ में स्पेल-बी प्रतियोगिता का शानदार आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों के बीच यह प्रतियोगिता का आयोजित करवाई गई।

शाला की प्राचार्य श्रीमती शैलजा नायर के मार्गदर्शन में इंग्लिश विभाग द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। ज्ञात हो कि उक्त प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों में आत्मविश्वास के साथ-साथ अध्ययन एवं वाचन कौशल का विकास के साथ-साथ विभिन्न क्षेत्रों में पारंगत कर उनके ज्ञान को विकसित करना है। आयोजन में सर्वप्रथम दीप प्रज्जवलन के साथ स्वागत, उद्बोधन शाला की प्राचार्य श्रीमती शैलजा नायर द्वारा दिया गया जिसमें उन्होंने पालकों का स्वागत अभिनंदन करते हुए टीम का उत्साहवर्धन किया और कहा कि इंग्लिश एक अंतर्राष्ट्रीय भाषा है, इस दिशा में ऐसे कार्यक्रम के माध्यम से आप अपने विषय में दक्षता के साथ-साथ विभिन्न विधा में पारंगत होते है। आप में संगठन की शक्ति बढ़ती है, आपमें एकजुट होकर कार्य करने की भावना विकसित होती है। उक्त प्रतियोगिता में कुल 5 टीम के प्रतिभागी विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रत्येक टीम में 6 सदस्यों की भागीदारी रही। कुल 11 चरणों में बच्चों के ज्ञान को परखा गया। पहले चरण में आलमंड राउण्ड, दूसरे में वर्ड क्रेस्ट, तीसरे में ऑडियो राउण्ड, चौथे में जर्नी फ्राम लेटर टू वर्ड, पांचवें में राइड मी दोस, छठवें में इन्टरव्यू राउण्ड, सातवें में स्पेलिंग राउण्ड आदि प्रस्तुत किया गया। सभी चरणों में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। जिसमें उनके ज्ञान व बुद्धि कौशल पर आधारित प्रश्न थे, जिनका बच्चों ने सटीक जवाब दिया। कार्यक्रम के अंत में पालकों द्वारा भी कार्यक्रम की सराहना की गई। उक्त प्रतियोगिता में प्रथम स्थान टीम-डफोडिल रही, द्वितीय स्थान पर ऑर्चिड की टीम रही। सभी पांचों टीम के मेंटर रहें शाला के शिक्षक श्री मेलकम दास, श्री राहुल जैन, सुश्री पलक लोहिया, श्रीमती हनी टॉक एवं श्री नीरज साहू। अंक संगणक की भूमिका में आमंत्रित थे श्रीमती धनश्री अवथनकर एवं श्री जयप्रकाश साहू। साथ ही साथ शिक्षक श्री विमल शर्मा, श्रीमती वाणी मुदिराज, शिक्षक याददास साहू, संगीत शिक्षक श्री प्रशांत कुशवाहा, श्री दिनेश साहू का भी योगदान रहा।

**न्यायालय तहसीलदार गोहला, जिला-मोहला मानपुर अं0चौकी (छ0ग0)**

// ईश्तहार //

रा0प्र0के0 202400 300100012/ ब-121/2023-24

एतव द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि अध्यक्ष अखिल भारतीय हल्बा हल्बी आदिवासी समाज के द्वारा आवेदन प्राप्त हुआ है कि ग्राम गाडिंगपिडिंग धेनू, प0ह0नं0 10 में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु भूमि खसरा नंबर 327 कुल रकबा 0.400 हेक्ट. का टुकड़ा रकबा 0.060 हे0 भूगि चिन्हांकन किया गया है। उक्त भूमि को अखिल भारतीय हल्बा / हल्बी आदिवासी समाज सामुदायिक भवन निर्माण हेतु राजस्व पुस्तक परिपत्र के प्रावधान के तहत आबंटित करने हेतु प्रकरण दर्ज किया गया है।

अतः इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को दावा-आपत्ति पेश करना हो तो स्वंय अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय तहसीलदार मोहला के न्यायालय में दिनांक 10.01.2025 को कार्यालीन समय पर उपस्थित होकर पेश कर सकतें है। पश्चात् दावा-आपत्ति पर कोई विचार/सुनावई नही की जावेगी।

आज दिनांक 01.01.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा सहित जारी किया गया।

सील

तहसीलदार
मोहला

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग(भ/स)संभाग राजनांदगांव (छ.ग.)**

**निविदा आमंत्रण सूचना (प्रथम आमंत्रण)**

निविदा विज्ञप्ति क्रं. 84/20/नि.वि./लोनिवि/2024-25 दिनांक 04.01.2025

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| | |
|---|---|
| निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 24.01.2025 अपरान्ह 5.30 बजे तक |
| ठेकेदारों द्वारा निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि | 04.02.2025 अपरान्ह 5.30 बजे तक |
| निविदा खोलने की तिथि | 05.02.2025 अपरान्ह 11.30 बजे |

| क्रमांक | कार्य का विवरण | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) | अमानती राशि |
|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 |
| 20 T0097 | शासकीय रानी अंवतीबाई लोधी महाविद्यालय रामाटोला में गर्ल्स टायलेट ब्लाक का निर्माण कार्य | 17.61 | 13500.00 |
| 20 T0098 | शासकीय रानी अंवतीबाई लोधी महाविद्यालय रामाटोला में बालक/बालिका टायलेट का रिनोवशन कार्य | 5.00 | 5000.00 |
| 20 T0099 | शासकीय कुंज बिहारी चौबे महाविद्यालय लाल बहादुर नगर में गर्ल्स टायलेट का रिनोवेशन कार्य | 4.00 | 5000.00 |
| 20 T0100 | शासकीय नेहरू पी.जी. महाविद्यालय डोंगरगढ़ में गर्ल्स टायलेट का रिनोवेशन कार्य | 4.00 | 5000.00 |

उपरोक्त निविदा की जानकारी विभागीय वेबपोर्टल www.cg.nic.in/pwdraipur से भी अवलोकन किया जा सकता है।

टीपः- ऑनलाईन से डाउनलोड किया गया निविदा फार्म को प्रेषित करने पर मान्य नहीं किया जावेगा, इस कार्यालय में उपस्थित होकर निविदा फार्म हेतु आवेदन प्रस्तुत करने पर ही निविदा फार्म प्रदाय किया जावेगा।

कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग(भ/स) संभाग
राजनांदगांव (छ.ग.)

जी- 05085/4

## ज्ञान मंथन

*1) प्रतिवर्ष बाल श्रम निषेध दिवस कब मनाया जाता है*

*2) सुहेलवा वन्यजीव अभयारण्य कहाँ स्थित है?*

*3) अधोगामी निस्पंदन का सिद्धांत किसने दिया?*

*4) रॉबर्टो नोबिली, ज्यौं-बैप्टिस्ट तैवर्नियर, म्नूकी और फ्रांस्वां बर्नियर कौन थे?*

*5) हाल ही में टी के चथुन्नी का निधन हुआ है, वे किस क्षेत्र से संबंधित थे?*

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**



## उत्तर माला

(1) 12 जून (2) उत्तर प्रदेश (3) लॉर्ड मैकाले
(4) प्रसिद्ध जौहरी (5) फुटबॉल





**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** ग्राम हालेकोसा में सात दिवसीय शिव महापुराण कथा में शिव भक्त सुनने आए शिव भक्त श्रद्धालुओं को राजीम जयंती के अवसर पर माधव साहू एवं साहू परिवार द्वारा बिस्कुट और फल वितरण किया गया।

## निक्षय निरामय छत्तीसगढ़ 100 दिवसीय पहचान एवं उपचार अभियान

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** भारत सरकार स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा राजनांदगांव जिले में निक्षय निरामय छत्तीसगढ़ 100 दिवसीय पहचान एवं उपचार अभियान का चार चरणों में संपादन किया जा रहा है। प्रथम चरण में 7 से 22 दिसम्बर 2024 तक स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं द्वारा घर-घर जाकर सघन सर्वे अभियान का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। अभियान के दौरान संभावित मरीजों की पहचान जांच एवं उपचार का कार्य किया जा रहा है। अभियान के तहत 9 लाख 43 हजार 368 व्यक्तियों का स्क्रीनिंग किया गया। टीबी शंकास्पद मरीजों की संख्या 5080, अब तक किए गए टीबी जांच की संख्या 2027, जांच में पाये गये कुल टीबी मरीजों की संख्या 48 है। राजनांदगांव जिले में निक्षय निरामय छत्तीसगढ़ 100 दिवसीय पहचान एवं उपचार अभियान 23 मार्च 2025 तक संचालित किया जाएगा। अभियान के दौरान जिले के विभिन्न स्थानों पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। अभियान के दौरान चिन्हांकित सभी टीबी संभावित मरीजों की जांच की जाएगी। अभियान में अधिक से अधिक जनभागीदारी सुनिश्चित करते हुए व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार किया जाएगा।

# मेडिकल स्टोर्स में नशे के रूप में औषधियों का दुरूपयोग पाये जाने पर करें कड़ी कार्रवाई - कलेक्टर

## स्कूल-कॉलेजों के बच्चों को नशीली पदार्थों के दुष्प्रभावों की जानकारी देने जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के दिए निर्देश

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जिले में स्वापक औषधि मन: प्रभावी पदार्थों के अनाधिकृत व्यवसायियों पर व्यापक और प्रभावी नियंत्रण के लिए जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक आज कलेक्टोरेट के एनआईसी कक्ष में आयोजित की गई। जिले के प्रभारी सचिव श्री अविनाश चंपावत वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से बैठक में जुड़े रहे। इस अवसर पर कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग, वनमंडलाधिकारी श्री आयुष जैन, सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह उपस्थित थे। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने जिले में अवैध नशीले पदार्थों के विरूद्ध लगातार कार्रवाई करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने पुलिस विभाग तथा खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग को संयुक्त रूप से कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने अंतर्राज्यीय स्तर पर अवैध नशीले पदार्थों के क्रय-विक्रय पर संयुक्त रूप से कार्रवाई करने कहा। जिले में नशीले पदार्थों के सप्लाई पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने नशे के दुष्प्रभावों के संबंध में जनसामान्य में जागरूकता लाना आवश्यक है। इसके लिए वालिटिंयर तैयार कर उन्हें प्रशिक्षण देने कहा। जिससे प्रशिक्षित वालिंटियर स्कूल-कॉलेजों में जाकर नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी देकर बच्चों को जागरूक कर सके। पुलिस विभाग द्वारा एनडीपीएस एक्ट के तहत जप्त औषधियों के भौतिक सत्यापन की कार्रवाई सुनिश्चित करने कहा।

कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि जिले में संचालित सभी मेडिकल स्टोर्स में औषधियों की जांच करें। मेडिकल स्टोर्स में नशे के रूप में



औषधियों का दुरूपयोग पाये जाने पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने संयुक्त टीम बनाकर मेडिकल स्टोर्स का नियमित जांच करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले के सभी मेडिकल स्टोर्स में सीसीटीवी कैमरा लगा होना चाहिए। उन्होंने मेडिकल स्टोर्स में लगे सीसीटीवी कैमरे को भी जांच करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही रेल्वे स्टेशन, बस स्टेशन के दुकानों की जांच कर अवैध नशीले पदार्थों के विरूद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने नशे के चंगुल से लोगों को मुक्त कराने के लिए नशा विमुक्तिकरण केन्द्र की सुविधा एवं सहायता उपलब्ध कराने कहा। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने कहा कि किसी भी स्थिति में बच्चे नशे की तरफ नहीं जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्कूल-कॉलजों के आस-पास के नशीले पदार्थ नहीं बिकना चाहिए। उन्होंने स्कूल-कॉलजों के 100 मीटर तक अतिक्रमण को हटाने के निर्देश दिए। इसके लिए लगातार मॉनिटरिंग करने कहा। उन्होंने शिक्षण संस्थानों में नशीले पदार्थों के दुष्प्रभावों के संबंध में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने कहा। पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग ने नशीले पदार्थों के परिवहन, क्रय-विक्रय पर संयुक्त टीम बनाकर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मेडिकल स्टोर्स की सूची तैयार कर रोस्टर के अनुसार नियमित जांच करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मेडिकल स्टोर्स से दवाई एवं इंजेक्शन का विक्रय निगरानी में होनी चाहिए। उन्होंने सभी अधिकारियों को जिम्मेदारीपूर्वक कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले के सभी सीमावर्ती क्षेत्रों में कड़ी निगरानी कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 5-5 स्कूल और श्रमिक बाहुल्य क्षेत्र चिन्हांकित कर जनसामान्य की कांउसलिंग करते हुए उन्हें नशे के दुष्प्रभावों के संबंध में जानकारी देकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करें। कोटपा एक्ट के तहत अवैध नशीले पदार्थों के क्रय-विक्रय पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसके लिए कंट्रोल रूम बनाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहूल शर्मा, नगर निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा, एसडीएम राजनांदगांव श्री खेमलाल वर्मा, एसडीएम डोंगरगढ़ श्री मनोज मरकाम, सहायक औषधि नियंत्रक श्री संजय झाड़ेकर, औषधि निरीक्षक श्री विष्णुप्रसाद साहू सहित थाना प्रभारी एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# हिंदी विभाग का एलुमनी सम्मेलन आयोजित

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव के हिंदी विभाग द्वारा 6 जनवरी को हिंदी विभाग का एलुमनी सम्मेलन आयोजित हुआ। इस अवसर पर सात एलुमनी जिन्होंने आजीवन सदस्य ग्रहण की है उनको विभिन्न साहित्यिक सम्मानों से सम्मानित किया गया।



प्राचार्य डॉ. किरणलता दामले ने डॉ. बीएन जागृत को बाबा नागार्जुन सम्मान, डॉ. प्रवीण कुमार साहू को संत कबीर सम्मान, डॉ. वीरेंद्र कुमार साहू को जयशंकर प्रसाद सम्मान, डॉ. मनीषा सोनी को पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी सम्मान, डॉ. सुनीता सोनी को छत्तीसगढ़ी लोककला सम्मान, डॉ. लालचंद सिन्हा को राष्ट्रीय जागरण सम्मान तथा डॉ. जयती बिस्वास को अमृतलाल नागर सम्मान से सम्मानित किया। एलुमनी आयशा खान, श्रद्धा शर्मा, रामेश्वरी टंडन, राम मनोहर उपस्थित थे। सभी भूतपूर्व छात्रों ने महाविद्यालय में अध्ययनकाल की स्मृतियों एवं अपने जीवन के कठिन संघर्षों एवं अर्जित उपलब्धियां को विद्यार्थियों से साझा कर उन्हें प्रेरित किया। प्राचार्य डॉ. किरण लता दामले ने अपने उद्बोधन में कहा कि हिंदी विभाग के आजीवन सदस्यता ग्रहण करने वाले भूतपूर्व छात्रों को विभिन्न सम्मान प्राप्त करने के लिए बधाई देती हूँ। महाविद्यालय के लिए यह गर्व की बात है कि हमारे भूतपूर्व छात्र आज विभिन्न शैक्षणिक, प्रशासनिक, राजनीतिक एवं सांस्कृतिक क्षेत्रों में अपना नाम रोशन कर रहे हैं। विभागाध्यक्ष डॉ. शंकर मुनि राय ने कहा कि हिंदी विभाग प्रतिवर्ष 6 जनवरी को भूतपूर्व छात्र सम्मेलन आयोजित करता है। हमारा उद्देश्य है कि वर्तमान में स्नातकोत्तर कक्षाओं में अध्यनरत विद्यार्थी अपने वरिष्ठ विद्यार्थियों से परिचित हों, उनके संघर्षों एवं उपलब्धियां से प्रेरित होकर अपने जीवन को सही दिशा दें। जिला पंचायत राजनांदगांव के जॉइंट डायरेक्टर एवं महाविद्यालय के पीएचडी स्कॉलर कैलाश कुमार ने कहा कि निरंतर मेहनत करने से ही सफलता मिलती है। मुश्किलों से कभी डरना नहीं चाहिए।कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन डॉ.प्रवीण कुमार साहू ने किया। इस कार्यक्रम में डॉ. नीलम तिवारी, डॉ. गायत्री साहू, श्री कौशिक बिशी, साहित्य परिषद के अध्यक्ष छात्रा डोली महोबिया, उपाध्यक्ष मनीष टांडेकर एवं बड़ी संख्या में स्नातकोत्तर के विद्यार्थी उपस्थित थे।

## 23वीं छ.ग. प्रदेश स्तरीय बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता में कवर्धा में बने दिव्यांग वर्ग के सर्वश्रेष्ठ बॉडीबिल्डर महेन्द्र

**राजनांदगांव।** 7 जनवरी कवर्धा में 5 जनवरी को 23वीं छ.ग.प्रदेश स्तरीय बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता 2025 आयोजित की गई। जिसके मुख्य आयोजनकर्ता कवर्धा जिला बॉडीबिल्गि संघ एवं छ.ग. बॉडीबिल्डिंग संघ के तत्वावधान में संपन्न हुआ। उक्त स्पर्धा के संबंध में जिला बॉडीबिल्डिंग संघ



के अध्यक्ष / सचिव अजय श्रीवास्तव एवं नाहिद अख्तर ने संयुक्त रूप से बताया कि उक्त स्पर्धा में प्रदेश भर के 200 खिलाड़ियों ने भाग लिया। राजनांदगांव से महेन्द्र यदु (लल्ला) ने पैराबॉडीबिल्डिंग स्पर्धा में भाग लेकर इस वर्ग में सर्वश्रेष्ठ्य बॉडी बिल्डर का खिताब जीता। स्थानीय एक्सपर्ट जिम में अभ्यासरत है। इसी प्रकार बेस्ट फिजिक्स में बॉडी टेक जिम के तुषार ने भी छठवें स्थान पर रहकर राजनांदगांव जिला को गौरवान्वित किया। विजेता खिलाड़ियों को राजनांदगांव सांसद संतोष पांडे ने सम्मानित कर आकर्षक ट्राफी एवं नगर राशि एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया। राजनांदगांव के खिलाड़ियों के उक्त सफलता पर अमित आजमानी, शेख वसीम, बसंत मैगी, विवेक रंजन सोनी, नीरज शुक्ला, दाऊद खान, दीपक ठाकुर, जग्गुसिंह ठाकुर, तामेश्वर बंजारे, शुभम सोनी, अजय लोहार, नारायण लोहार, नीतिन शर्मा आदि ने बधाई शुभकामनाएं प्रेषित की।

# नगर निगम का मवेशी धर-पकड़ अभियान, 11 मवेशी पकड़े



## पशु मालिको की सजगता से ही दुर्घटना से बचाव

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** सुगम आवागमन एवं दुर्घटना से बचाने घुमंतु मवेशियों की धर पकड के तहत नगर निगम का मवेशी धर-पकड़ अभियान में निगम की टीम शहर के प्रमुख चौक चौराहो में घुमन्तु एवं बैठे मवेशियों को पकड़ने की कार्यवाही कर रही है। कार्यवाही के तहत आज शहर के विभिन्न मार्गो व चौक चौराहो से 11 घुमन्तु मवेशियों की धर-पकड की गयी। पशु मालिकों द्वारा मवेशी खुला छोडने से मवेशी चौक चौराहों में घुमते एवं बैठे रहते है, जिससे यातायात बाधित होती है एवं दुर्घटना की संभावना बनी रहती है, जो आमजनों के साथ ही पशुओ के लिये भी खतरनाक है। यदि पशु मालिक सजगताा बरतेगे तो दुर्घटना से बचा जा सकता है। निगम द्वारा अब लापरवाह पशु पालकों के विरूद्ध पशुपालक पशु क्रूरता अधिनियम के तहत कानूनी कार्यवाही की जावेगी। नगर निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने घुमन्तु मवेशियों को पकड़ने टीम गठित किये है, गठित टीम चौक चौराहो से घुमन्तु मवेशियों को पकड़ने की कार्यवाही कर रही है। इसी कडी में आज शहर के प्रमुख मार्गो व चौक चौराहो में कुंज विहार कालोनी, कमला कालेज रोड, महामाया चौक, गंज चौक, दिग्विजय कालेज के पास, शीतला मंदिर, गुरू द्वारा रोड आदि क्षेत्रों से घुमन्तु मवेशियों की धर-पकड के तहत 11 घुमन्तु एवं बैठे मवेशियों को पकड़ा गया। मवेशियों को पकड़कर रेवाडीह कांजी हाउस में रखा गया है जिन्हे छोडने पर 570-570 रूपये संबंधित से अर्थदण्ड लेकर मवेशी छोडा जाता है। चौक-चौराहों व सड़कों पर खुला घुमते पाये जाने पर पशुओं को नगर निगम के अमला द्वारा पकड़कर कांजी हाऊस में बंद कर नियमानुसार शुल्क व जुर्माना भुगतान करने के उपरांत ही मुक्त कर संबंधित पशु पालकों को सौपा जायेगा। निगम द्वारा अब लापरवाह पशु पालकों के विरूद्ध पशुपालक पशु क्रूरता अधिनियम के तहत कानूनी कार्यवाही की जावेगी, जिसके तहत वह प्रथम अपराध की दशा में जुर्माने से 10 रूपये से कम नहीं होगा किन्तु जो 50 रूपये तक का हो सकेगा और द्वितीय या पश्चातवर्ती अपराध की दशा में जो पिछले



अपराध किये जाने के 3 वर्ष की अवधि के भीतर किया जाता है, जुर्माने से जो 25 रूपये कम नहीं होगा जो 1 सौ रूपये तक का दण्ड या कारावास जिसकी अवधि 3 माह तक की हो सकेगी अथवा दोनों दण्डों से दण्डित किया जायेगा।

## धर्म समाचार....

# बुध का धनु राशि में प्रवेश:24 जनवरी तक धनु राशि में रहेगा बुध

4 जनवरी को बुध ग्रह ने राशि बदली है। ये ग्रह वृश्चिक से धनु में आ गया है। बुध के कारण कुछ राशियों के लिए परेशानियां बढ़ सकती हैं और कुछ लोगों को लाभ मिल सकता है। ज्योतिष में बुध को बुद्धि, संवाद, तर्कशक्ति, व्यापार और आर्थिक मामलों का कारक ग्रह माना गया है।


उज्जैन के ज्योतिषाचार्य पं. मनीष शर्मा के मुताबिक, धनु राशि गुरु बृहस्पति की राशि है। गुरु ग्रह ज्ञान, धर्म, और उच्च विचारों का प्रतीक है। बुध और गुरु का ये योग लोगों में धार्मिक विचारों को बढ़ाएगा।

**आपकी राशि के लिए कैसा रह सकता है बुध ग्रह का असर...**

**मेष राशि-** बुध का गोचर आपकी राशि से नवम भाव में है। इस वजह से भाग्य का साथ मिलेगा। उच्च शिक्षा और विदेश यात्रा के योग बनेंगे। नई योजनाएं बन सकती हैं। ये लोग गणेश जी को दूर्वा अर्पित करेंगे तो बहुत शुभ रहेगा।

**वृषभ राशि-** आपके लिए बुध अष्टम भाव में है। परेशानियां बढ़ेंगी। बुध की वजह से कार्यों में देरी होगी। आशा के अनुरूप लाभ नहीं हो पाएगा। बुध ग्रह के दोष दूर करने के लिए हरी मूंग का दान करें।

**मिथुन राशि-** बुध आपके लिए सप्तम भाव में है। बुध की ये स्थिति व्यापार और वैवाहिक जीवन के लिए शुभ रहेगी। अटके काम पूरे हो सकते हैं। जरूरतमंद व्यक्ति को हरे रूमाल का दान करें।



**कर्क राशि-** बुध आपके लिए छठे भाव में है, शत्रुओं के कारण परेशानियां हो सकती हैं। मौसमी बीमारियां होने की भी संभावनाएं हैं, खानपान का ध्यान रखना होगा। बुधवार को गाय को हरा चारा खिलाएं।

**सिंह राशि-** बुध का गोचर आपकी राशि से पंचम भाव में है। ये समय आपके लिए अनुकूल रहेगा। प्रेम संबंधों में सफलता मिलेगी। संतान की मदद से लाभ हो सकता है। बुध ग्रह मंत्र ऊँ बुं बुधाय नम: का जप रोज करें।

**कन्या राशि-** बुध आपकी राशि से चतुर्थ भाव में है। परिवार और संपत्ति से जुड़े मामलों में लाभ हो सकता है। आपकी माता के स्वास्थ्य में सुधार होगा, समय अच्छा रहेगा। बुधवार की सुबह तुलसी को जल चढ़ाएं।

**तुला राशि-** इस राशि के लिए बुध तृतीय भाव में है। कार्य वृद्धि होगी। भाई-बहनों से सहयोग मिलेगा, जिससे लाभ के योग बनेंगे। फलों का दान करें।

**वृश्चिक राशि-** बुध आपकी राशि से द्वितीय भाव में है। आपकी वाणी में मधुरता आएगी। धन लाभ के योग बनेंगे। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। बुधवार को मूंग का दान करें।

**धनु राशि-**

बुध आपकी राशि में है। इस कारण नई योजनाएं बनेंगी। लक्ष्य में स्पष्टता आएगी। लाभ होगा। समय अच्छा रहेगा। गणेश जी को मोदक भोग लगाएं।

**मकर राशि-**

इस राशि से बुध द्वादश भाव में है। खर्चों पर नियंत्रण रखना होगा, वर्ना धन संबंधी दिक्कतें आ सकती हैं। सोच-समझकर निर्णय लें, वर्ना तनाव बढ़ेगा। बुधवार को मूंग का दान करें।

**कुंभ राशि-** इस राशि से बुध एकादश भाव में है। आय के साधन बढ़ेंगे। नए अवसर प्राप्त होंगे। रुके हुए कामों में गति आएगी, लाभ होगा। तुलसी की पूजा रोज करें।

**मीन राशि-** बुध आपके लिए दशम भाव में है। करियर में उन्नति होगी। वरिष्ठ अधिकारियों के सहयोग से कार्य वृद्धि होगी और लाभ भी मिलेगा। बुधवार को दुर्गा मां की पूजा करें।

## पूजा-पाठ में कलाई पर लाल धागा बांधने की परंपरा

रक्षासूत्र बांधते समय किन बातों का ध्यान रखें और कौन सा मंत्र बोलना चाहिए?

किसी भी देवी-देवता की पूजा करनी हो या कोई अन्य धर्म-कर्म करना हो, पूजा की शुरुआत में ही पंडित हमारी कलाई पर लाल धागा बांधते हैं। लाल धागे के कलावा, मौली और रक्षा सूत्र कहते हैं। जानिए इस परंपरा से जुड़ी खास बातें... लाल धागा पवित्रता और सकारात्मकता का प्रतीक है। माना जाता है कि जो लोग पूजा-पाठ के दौरान लाल धागा अपनी कलाई पर बांधते हैं, उनके विचार पवित्र और सकारात्मक बनते हैं। लाल धागा बांधने के बाद व्यक्ति के मन में पूजा-पाठ के लिए आस्था जागती है, जिससे वह पूजा पूरी एकाग्रता के साथ कर पाता है। इसे रक्षा सूत्र भी कहते हैं, इसकी वजह से व्यक्ति की नकारात्मकता और दुर्भाग्य से बचता है, ऐसी मान्यता है।



लाल रंग बहुत शुभ माना जाता है। ये रंग उत्साह, उत्सव, साहस, ऊर्जा, पवित्रता, सौभाग्य, शक्ति का प्रतीक है। इसीलिए पूजा करते समय कलाई पर लाल धागा बांधने की परंपरा है। माना जाता है लाल धागा बांधने से भक्त को देवी-देवताओं की कृपा मिलती है और पूजा बिना बाधा के पूरी होती है। कलावा पूजा-पाठ में अनुशासन बनाए रखने का प्रतीक है। कलावा बांधने का ये भाव है कि अब कलाई पर कलावा बांध लिया है, इसलिए पूरी भक्ति और श्रद्धा के साथ हम पूजा करेंगे, भगवान का ध्यान करेंगे, हम मन को इधर-उधर की बातों में नहीं भटकने देंगे। यज्ञ, हवन, विवाह और अन्य धार्मिक अनुष्ठानों में लाल धागा बांधकर व्यक्ति के अच्छे स्वास्थ्य, सौभाग्य और लंबी आयु की कामना की जाती है।

- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉपट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बेट, टी-टी बेट, ट्रैक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बैग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...

स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971

# धान उपार्जन केन्द्रों में भौतिक सत्यापन का कार्य गंभीरतापूर्वक करें नोडल अधिकारी : कलेक्टर

## 31 जनवरी तक होगी धान खरीदी, एचएमपीवी वायरस से सावधानी रखने की जरूरत, स्वास्थ्य विभाग एवं टीम को सजग रहने के दिए निर्देश

**ग्रामों में पानी की कमी को दूर करने के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने की जरूरत**

**प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत आवास निर्माण कार्यों में तेजी लाने के दिए निर्देश**

**साप्ताहिक समय सीमा की बैठक संपन्न**

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने कहा कि जिन ग्रामों में जल संकट की स्थिति है, वहां जल संसाधन, सीएससीबी, क्रेडा, खनिज विभाग तथा जनपद सीईओ योजनाबद्ध तरीके से कार्य करते हुए उन ग्रामों में जल संकट की स्थिति को दूर करने के लिए कार्य करेंगे। इसके लिए समन्वित प्रयासों की आवश्यकता है। किसानों को धान फसलें अन्य फसल लेने के लिए अन्य विभाग मनरेगा, खनिज विभाग, विद्युत विभाग एवं अन्य संबंधित विभाग रणनीति तैयार करें। आने वाले समय में सरफेस वाटर की दिशा में विशेष तौर पर कार्य करने की जरूरत है। जल संरक्षण के लिए नागरिकों के प्रयास के साथ ही पौधरोपण, स्वच्छता तथा विभिन्न क्षेत्रों में सक्रियतापूर्वक कार्य करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि 31 जनवरी तक धान खरीदी का कार्य किया जाएगा। सभी नोडल अधिकारी इसके लिए भौतिक सत्यापन गंभीरतापूर्वक करें। धान खरीदी शासन की महत्वपूर्ण योजना है।

सभी नोडल अधिकारी अनिवार्य रूप से लगातार धान खरीदी केन्द्र का निरीक्षण करें। उन्होंने कहा कि नगरीय निकायों में निर्वाचन की संभावना को देखते हुए सभी अधिकारी जिनकी ड्यूटी लगाई गई है, उन्हें प्रशिक्षण देना है। सभी अधिकारी आदर्श आचार संहिता के नियमों का पालन सुनिश्चित करेंगे। कलेक्टर ने कहा कि एचएमपीवी वायरस कोविड-19 वायरस की तरह ही एक संक्रमण है, जो श्वसन तंत्र को प्रत्यक्ष तौर पर प्रभावित करता है। उन्होंने इसके मददेनजर स्वास्थ्य विभाग एवं टीम को सजग रहने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एचएमपीवी वायरस से नागरिकों को



घबराने की जरूरत नहीं है। वायरस से बचाव के लिए सभी को सर्तक करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि इसके प्रति जागरूक रहते हुए सभी कोविड प्रोटोकाल का ध्यान रखते हुए सावधानी रखेंगे। उक्त बातें कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने कलेक्टोरेट में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में कही।

कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने कहा कि जिले में सभी विभागों के कार्य को डिजिटल तरीके से करने के लिए ई-ऑफिस अंतर्गत कार्यों को डिजिटल तरीके से किया जाएगा। इसके लिए नोडल अधिकारी तथा कम्प्यूटर ऑपरेटर की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा विगत 1 वर्ष में स्वीकृत कार्य तथा प्रगतिरत कार्यों व योजना से लाभान्वित हितग्राहियों की जानकारी पोर्टल में सभी निर्माण विभाग एवं अन्य विभाग समय पर एण्ट्री करें। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि कार्यालय पर सभी समय पर पहुंचेंगे तथा शासन की योजना अंतर्गत जनसामान्य को लाभान्वित करने एवं उनकी समस्याओं एवं शिकायतों का निराकरण करेंगे। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी जनसामान्य से मिलने के लिए निर्धारित दिन में कार्यालय में उपस्थित रहेंगे। उन्होंने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को हिदायत दी कि बजट, पेट्रोल, विद्युत, निर्माण संबंधी कार्यों के प्रस्ताव अपने विभागों को भेज देंगे तथा समय पर देयकों का भुगतान सुनिश्चित करें।

कलेक्टर ने अधिकारियों को राजस्व शिविर लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग शासन की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत जनसामान्य तक सेचुरेशन के लिए कार्य करें। उन्होंने अवैध शराब पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधितों पर जिला बदर की कार्रवाई करने के लिए कहा। कलेक्टर ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत आवास निर्माण कार्यों में तेजी लाने की आवश्यकता है। कलेक्टर ने कहा कि सभी अधिकारी जब भी निरीक्षण के दौरान फिल्ड में जाएंगे, आंगनबाड़ी केन्द्र एवं स्कूल जरूर जाएं तथा फिड्बैक लें। उन्होंने कहा कि इससे वहां और बेहतर कार्य हो सकेंगे। जिला पंचायत सीइओ सुश्री सुरूचि सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के कार्यों में तेजी लाने की आवश्यकता है।

उन्होंने सभी को अप्रैल माह में आवास के कार्य पूर्ण करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में पानी की समस्या नहीं हो इसके लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने की जरूरत है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरत्न ने एचएमपीवी वायरस के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि इस संक्रमण के लक्षण कोविड-19 संक्रमण के समान है। इस बीमारी से बचाव के लिए मास्क एवं सोशल डिस्टेंसिंग एवं अन्य सावधानी रखने की जरूरत है। उन्होंने बताया कि बच्चे एवं बुजुर्गों तथा अस्थमा के मरीजों को सावधानी रखने की जरूरत है। बैठक में वनमंडलाधिकारी श्री आयुष जैन, अपर कलेक्टर श्री सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर, आयुक्त नगर निगम श्री अतुल विश्वकर्मा, एसडीएम राजनांदगांव श्री खेमलाल वर्मा सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।


# समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य पर राष्ट्रीय पुरस्कार से मुंबई में सम्मानित हुए रासेयो स्वयंसेवक विनोद कुमार टेम्बुकर

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। उत्कृष्ट** सामाजिक कार्यों के लिए सामाजिक कार्यकर्ता रासेयो स्वयंसेवक विनोद कुमार टेम्बुकर को उल्हासनगर (कल्याण मुंबई) में राष्ट्रीय पुरुस्कार 'प्राइड ऑफयंग हिंदुस्तान अवार्ड 2025' से सम्मानित किया गया। स्वयंसेवक विनोद राज्य छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करते हुए राजनांदगांव जिले से आमंत्रित रहे। उनके साथ साथ देश के अलग अलग राज्यों के 15 युवाओं को राष्ट्रीय संस्था यंगिस्तान फाउंडेशन द्वारा मुख्य अतिथि श्री अविरत शेटे (निदेशक - शेटे इंस्टीट्यूट), विशिष्ट अतिथि डॉ. सीए विश्वनाथन अय्यर (वरिष्ठ सहायक प्रोफेसर एवं शोध मार्गदर्शक, श्री बालाजी विश्वविद्यालय, पुणे) की उपस्थिति में यह सम्मान दिया गया। छत्तीसगढ़ राज्य के साथ साथ सम्पूर्ण राजनांदगांव जिले के लिए गौरव का क्षण है। साथ ही यह सम्मान मिलने से उनके शहर



राजनांदगांव में लोग काफी उत्साहित है और विशेषकर उनके परिवार में खुशी का माहौल व्याप्त है। स्वयंसेवक विनोद टेम्बुकर राजनांदगांव के ग्रामीण क्षेत्र की मुलभूत समस्या को लेकर हमेशा ही आमजनों की निस्वार्थ भाव से समाज सेवा के लिए आगे रहने, रासेयो स्वयंसेवक के रूप में विभिन्न जन जागरूकता कार्यक्रम करने जैसे कोराना काल में बाहर रहकर जरूरतमंदों की मदद करने रक्तदान, महिला सशक्तिकरण, पौधारोपण, पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छ भारत मिशन साथ ही साथ युवोदय राजनांदगांव यूनिसेफ एवं जिला प्रशासन राजनांदगांव के साथ जुड़कर उत्कृष्ट सामाजिक कार्य करने उन्हें यह सम्मान दिया गया। रासेयो स्वयंसेवक विनोद टेम्बुकर पिता शत्रुहन टेम्बुकर माता आशा बाई टेम्बुकर ग्राम मलाईडबरी पोस्ट टप्पा जिला राजनांदगांव निवासी है वर्तमान शिक्षा में शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव में समाजकार्य विभाग अंतिम वर्ष का विद्यार्थी है। उक्त सम्मान हेतु माता पिता पूरे परिवार के साथ साथ महाविद्यालय परिवार उनके दोस्तों ने बधाई एवं शुभकामनाएं ओर आशीर्वाद प्रेषित किए।

# गुजराती स्कूल के प्रिंसिपल श्री तारिक लालानी हैदराबाद में लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित





**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** आकाह इंटरनेशनल द्वारा क्लाइमेट चेंज कार्यक्रम हैदराबाद, ( तेलंगाना ) होटल हैदराबाद ग्रैंड में आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम के समापन समारोह कार्यक्रम में गुजराती स्कूल राजनांदगांव के प्रिंसिपल श्री तारिक लालानी को डिजास्टर मैनेजमेंट एवम क्लाइमेट चेंज विषय में सतत् सोलह साल से अपने विशेष योगदान के लिए लाइफ्टाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया। अपने उद्बोधन में तारिक जी ने पर्यावरण पे हो रहे बदलाव और मानव सभ्यता का दोष जैसे विषयों पे गहन चिंतन किया, उक्त विषयों पे चर्चा के दौरान बात सामने आई के मानव कैसे अपने विकास की अंधी दौड़ में पर्यावरण को नजरअंदाज कर कंक्रीटों के महल खड़े करते जा रहा है। आज हर तीसरा व्यक्ति स्वास की बीमारी से ग्रसित होता जा रहा है और हर तरफ प्रदूषित हवा में जीने को मजबूर है। उनकी इस उपलब्धि पे शाला परिवार, मैनेजमैन और इष्ट मित्रो द्वारा उनके उज्वल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी।

# जी.ई.रोड एवं एवं अन्य जगह लगे लगभग 50 अवैध विज्ञापन बोर्ड निगम की टीम ने आज हटाई

## आयुक्त विश्वकर्मा ने कहा बिना अनुमति लगे विज्ञापन बोर्ड स्वयं हटा ले, अन्यथा होगी कार्यवाही



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** निगम सीमाक्षेत्र में निजी भवन के दीवाल, छत पर लगे होर्डिग्स बोर्ड, विद्युत पोलो में लगे छोटे बेनर-पोस्टर, फ्लाई ओव्हर के पिल्हर में विज्ञापन बिना अनुमति के लगाया गया है, जिसे नगर निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा के निर्देश पर निगम की टीम हटाने की कार्यवाही कर रही है। इसी कडी में आज जी.ई.रोड के विद्युत पोलो एवं अन्य जगह में लगे लगभग 50 पोस्टर व छोटे विज्ञापन बोर्ड निगम टीम ने हटाई। पूर्व के दिनों मे 200 से अधिक विज्ञापन बोर्ड हटाने की कार्यवाही किये थे।निगम आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने बताया कि निगम सीमाक्षेत्रांतर्गत कतिपय विज्ञापन एजेंसियों/संस्थानों/व्यक्तियों द्वारा प्राय: इस निकाय के बिना पूर्वानुमति एवं स्वीकृति के विज्ञापन हेतु बोर्ड/निजी भवनों के दीवाल एवं छत पर होर्डिंग्स बोर्ड/विद्युत पोलों में छोटे बोर्ड, बैनर पोस्टर एवं सार्वजनिक शौचालय/फ्लाई ओव्हर के पिल्हरों में अन्य प्रकार का विज्ञापन लगाया जाता है और कई लोगों द्वारा लगाया भी गया है,जो कि छ0ग0 विज्ञापन पंजीयन एवं विनियमन उपविधि 2012 की कंडिका 9 के प्रावधानों का स्पष्ट उल्लंघन है एवं छ0ग0 नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 248 एवं 434 के अंतर्गत दण्डनीय अपराध है। इस संबंध में पूर्व में संबंधितों को नोटिस के माध्यम से सूचित कर उनके विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिये थे। किन्तु कतिपय लोगों के द्वारा अवैध होर्डिग्स व बोर्ड नही हटाया गया। जिसे आज निगम की टीम ने कार्यवाही करते हुये जी.ई.रोड, पोस्ट आफिस चौक से आर.के.नगर चौक तक एवं निगम कार्यालय के सामने लगे लगभग 50 अवैध बोर्ड हटाया। इसी प्रकार पूर्व के दिनों में आम्बेडकर चौक से महामाया चौक, नंदई चौक तक एवं अन्य मार्गो से लगभग 200 छोटे बड़े विज्ञापन बोर्ड हटाया गया था, उक्त कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी। आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने सर्वसंबंधित विज्ञापन एजेंसी व संस्थाओ से कहा कि विज्ञापन बोर्ड लगाने नगर निगम से नियमानुसार विधिवत अनुमति एवं स्वीकृति ले लेवे। उन्होंने सर्वसंबंधित विज्ञापन एजेंसियों/संस्थानों एवं संबंधित व्यक्तियों को सूचित



करते हुये कहा है कि निकाय के बिना पूर्वानुमति एवं स्वीकृति के लगाये गए होर्डिंग्स बोर्ड, बैनर पोस्टर एवं अन्य प्रकार के विज्ञापन स्वेच्छा से हटा लेवें अन्यथा भविष्य में बिना किसी पूर्व सूचना के निगम सीमाक्षेत्रातंर्गत बिना अनुमति लगाये गये होर्डिंग्स बोर्ड/बैनर पोस्टर के लिए अर्थदंड अधिरोपित करते हुए बैनर पोस्टर एवं अन्य प्रकार के विज्ञापन बोर्ड निगम द्वारा हटा/जब्त कर लिया जावेगा एवं अवैध विज्ञापनकर्ताओं के विरूद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करायी जावेंगी, जिससे उत्पन्न क्षति तथा संपूर्ण हर्जे खर्चे के लिए संबंधित एजेन्सी/संस्थान एवं व्यक्ति स्वयं उत्तरदायी होंगे।

# ग्रुप नृत्य डांस में दुर्ग प्रथम



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** समीपस्थल ग्राम ढोडिया में कान्हा के मया डांस गुप्र एवं ग्रामवासियों सहयोग से एक दिवसीय रात्रिकालीन डांस प्रतियोगिता समापन समारोह मुख्य अतिथि कुलबीर सिंह छाबड़ा जिलाध्यक्ष शहर कांग्रेस कमेटी राजनांदगांव अध्यक्षता योगेन्द्र दास वैष्णव पूर्व जनपद सदस्य विशेष अतिथि दिल्लू साहू सरपंच मनीष साहू पार्षद कुंदन चंदाकर पूर्व उपसरपंच कृतलाल पटेल उपसरपंच तारा साहू अतिथि समापन समारोह किया गया अतिथियों ने आयोजक समिति को आयोजन के बधाई दी तथा कलाकारों मंच देकर कला प्रदर्शन बारीकी से देखने अवसर प्राप्त होता है जिससे कलाकारों हौसला बुलंद होता है समुहिक नृत्य नृत्य डांस गुप्र दुर्ग प्रथम महिमा मोर छत्तीसगढ़ के डांस गुप्र अर्जुनी द्वितीय सखी डांस गुप्र रानीतरई तृतीय सरगम डांस गुप्र निपानी चतुर्थ युगल वर्ग धरोहर डांस गुप्र मार्री प्रथम खुशबू श्याम महासमुंद द्वितीय दिनेश रवीना कोंडागांव तृतीय त्रिवेनी डांस गुप्र आमदी चतुर्थ एकल वर्ग संगीता कोचे कांकेर प्रथम भावना सिन्हा खुज्जी द्वितीय अमित दुर्ग तृतीय सौम्या रायपुर चतुर्थ विशेष पुरस्कार बेस्ट बालकलाकार देवांशी वर्मा अर्जुनी बेस्ट डांस गुप्र हमर चिंहारी डांस गुप्र राजनांदगांव बेस्ट एकल निरंजना देवांगन बोरी बेस्ट वेशभूषा वैष्णवी प्रतिमा ढोडिया बेस्ट अनुशासन मनीषा साहू भंडारी भरदा बेस्ट युगल मिताली एवं दामिनी गंधरी आयोजक समिति चित्र कुमार बलराम टएमन पटेल झामेन्द सुभाष पटेल ऋषि गुलशन रोमसिंग एमरोज हरीश राहुल यादव सत्यवान सहित ग्रामीण जन उपस्थित रहा।



# सुंदरकांड महाकुंभ के त्रयोदश दिवस आज भव्य भजन संध्या

**राजनंदगांव ( नांदगांव टाइम्स )** । श्री हनुमान श्याम मंदिर के भव्य प्रांगण में श्री श्याम के दीवाने एवं हनुमान भक्तों के द्वारा सुंदरकांड पाठ की 18 वीं माला की पूर्णाहुति पर आयोजित 18 दिवसीय संत समागम एवं सुंदरकांड महोत्सव महाकुंभ के त्रयोदश दिवस आज 8 जनवरी बुधवार को जयपुर निवासी सुप्रसिद्ध श्याम सेवक कुमार गिरिराज शरण अपनी सुमधुर वाणी से भजनों की अमृत वर्षा करेंगे । श्याम के दीवाने एवं हनुमत भक्तों की ओर से बालाजी शर्मा ( जयपुर ) , प्रमोद खंडेलवाल , चंदन बुद्धदेव , प्रियंका सोनी , सुमित श्रीवास्तव , अखिल अंदानी द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार जयपुर निवासी कुमार गिरिराज शरण जी श्रीमद् भागवत कथा , श्री रामायण कथा , श्री शिव महापुराण कथा , श्री श्याम पाठ की सुंदर विवेचना करने के साथ ही सुमधुर भजनों की प्रस्तुति के लिए विख्यात है। आज रात्रि 06:00 बजे से हनुमान श्याम मंदिर में आयोजित सुंदरकांड महाकुंभ के 13 दिवस अपनी सुमधुर वाणी से भजन रूपी अमृत वर्षा करेंगे । आयोजन समिति ने नगर के श्रद्धालु माता - बहनों एवं बंधुओ से आग्रह किया है कि इस सुंदरकांड महाकुंभ में सम्मिलित होकर पुण्य लाभ प्राप्त करें ।

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मोः 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com